कुलपति प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह हुए सेवानिवृत

वर्धा 1 मार्च 2025: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रोफेसर तथा कार्यवाहक कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह शुक्रवार 28 फरवरी को सेवानिवृत हुए। उनकी सेवानिवृत्ति पर विश्वविद्यालय की ओर से अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय के साथ मेरी पहचान जुड़ी हुई है। विश्वविद्यालय की ओर से स्नेह, सद्भाव और प्रेम पाकर में स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय अपने उद्देश्यों की प्राप्ति में आगे बढ़ेगा और कामयाब होगा। इस अवसर पर प्रो. सिंह का मंचासीन अतिथियों ने सूत माला, शा ॅल, तुलसी का पौधा तथा श्रीकृष्ण की मूर्ति प्रदान कर सत्कार किया।

ग़ालिब सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधि विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. जनार्दन कुमार तिवारी, शिक्षा एवं प्रबंधन विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. फरहद मलिक, वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक, तुलनात्मक साहित्य विभाग के प्रो. हनुमानप्रसाद शुक्ल, संस्कृति विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. दिगंबर तंगलवाड, जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे, साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. उमेश कुमार सिंह, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज से प्रोफेसर अखिलेश कुमार दुबे, डॉ.अवंतिका शुक्ला एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. मुन्नालाल गुप्ता व विद्यार्थी अमित कुमार तथा शुभम तांबे ने प्रोफेसर कृष्ण कुमार सिंह को उनके दीर्घायु जीवन की तथा स्वस्थ और सानंद रहने की कामना की। सभी ने उनके साथ आए अनुभव को साझा करते हुए उन्हें एक अच्छे शिक्षक और संवेदनशील व्यक्ति बताया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा कुलगीत से किया गया। समापन राष्ट्रगान से किया गया।

कार्यक्रम का संचालन तुलनात्मक साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रामानुज अस्थाना ने किया तथा कुलसचिव प्रो आनन्द पाटील ने आभार माना। इस दौरान शिक्षक, अधिकारी, एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।